**बिहार सरकार**
**युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग**
**निदेशालय एवं प्रशिक्षण, बिहार पटना।**
**संकल्प**

मंत्रिमंडल सचिवालय बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या–1569 दिनांक–10.12.2025 द्वारा बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 (समय–समय पर यथा संशोधित) की प्रथम अनुसूची के क्रमांक–45 के बाद एतद् द्वारा नया क्रमांक–46 में "युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग" बिहार को जोड़ते हुए अधिसूचित किया गया है।

2. राज्य के युवकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं रोजगारपक व्यवसायों का सृजन करने के उद्देश्य से संकल्प संख्या–1185 दिनांक–15.05.2017 द्वारा गठित "बिहार स्टेट काउंसिल फॉर भोकेशनल ट्रेनिंग" (निबंधन संख्या–S18362/2018–19) का गठन किया गया है, जो सोसायटी के रूप में पंजीकृत है।

3. उक्त के क्रम संख्या–01 पर अंकित अध्यक्ष के रूप में सचिव/प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के स्थान पर सचिव/प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव, "युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग" एवं क्रम संख्या–12 में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के स्थान पर अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन, "युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग", बिहार, पटना को प्रतिस्थापित किया जाता है।

4. संकल्प की शेष कंडिकायें यथावत् रहेंगी।

5. उपर्युक्त पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
S. Nayal 01/06/26
उप सचिव,
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक संख्या–टी–2/बजट–04/2026–954 पटना, दिनांक–01.06.2026

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (सी0डी0 के साथ) आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

S. Nayal 01/06/26
उप सचिव,
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी–2/बजट–04/2026 954 पटना, दिनांक–01.06.2026

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

S. Nayal 01/06/26
उप सचिव,
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी–2 / बजट–04 / 2026..954... पटना, दिनांक– 01.06.2026

प्रतिलिपिः– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त बिहार / सभी जिला पदाधिकारी, बिहार / संबंधित कोषागार पदाधिकारी एवं उप कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

S. Dayal 01/06/26

उप सचिव,

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी–2 / बजट–04 / 2026..954... पटना, दिनांक– 01.06.2026

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग / विभागीय मंत्री के आप्त सचिव, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग / माननीय लोकायुक्त बिहार, पटना के आप्त सचिव / प्रधान सचिव निगरानी विभाग / सचिव युवा, रोजगार एवं कौशल विकास, विभाग के आप्त सचिव / विभाग के सभी पदाधिकारी / निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण / निबंधन महानिरीक्षक, बिहार, पटना / आई०टी० मैनेजर, युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

S. Dayal 01/06/26

उप सचिव,

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

बिहार, पटना।